बरेली, सोमवार
22 जून, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण





रिद्धिमा में गायन प्रस्तुति देते गुरु और विद्यार्थी ● सौ. आयोजक

## वो जो हम में तुम में करार था, तुम्हें याद हो या...

बरेली: एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम गायन कार्यक्रम 'कोमल निषाद' में गायन गुरुओं और उनके विद्यार्थियों ने शास्त्रीय राग आधारित और सुगम संगीत पर प्रस्तुति दी। मोमिन खां मोमिन लिखित प्रसिद्ध गजल 'वो जो हम में तुम मे करार था' को डा. वंदना दुग्गल ने अपने स्वरों में प्रस्तुत कर कद्रदानों की तालियां हासिल की। 'आन मिलो सजना' को गायन गुरु प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने अपने स्वरों मे पिरोकर श्रोताओं को ख्वाबों ख्यालों की दुनिया मे पहुंचाया। शुरुआत इंस्ट्रूमेंटल गुरु सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), सुरेंद्र (परकशन), अनुग्रह सिंह (ड्रम), विशेष सिंह (गिटार), ऋषभ आशीष पाठक (पखावज) आदि ने की। मंच पर तृषिका, गीतू अरोरा, अद्विका, सोनम गुआल, जारा, श्रेया प्रभजोत, माही, अर्णव कनौजिया, अयांश, शौर्य, नीलम, अंशुमा अग्रवाल, काव्या और अविरल ने विश्व जन, ओ पालनहारे, दिल है छोटा सा जैसे गीतों को और बंदिश खमाज को अपनी आवाज मे प्रस्तुत कर श्रोताओं की तालियां हासिल की। चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा, गुरु मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे। वि.